CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:30 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:01 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 263 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 17 अप्रैल 2025

एक्टर-राजनेता विजय के खिलाफ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### 9.40 ग्राम स्मैक समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने एक और स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसे एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार शांति व्यवस्था कायम रखने और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए तिकोनिया रेलवे क्रॉसिंग के पास चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक युवक संदिग्धावस्था में भागने की कोशिश करने लगा। जिसे शक होने पर दबोच लिया गया। तलाशी में उसके पास से 9.40 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम राजेश कुमार साहू निवासी राजपुरा बताया। उसने यह भी बताया कि वह स्मैक बहेड़ी से लेकर आता है और यहां महंगे दामों में बेचने का काम करता है।

### ऋषिकेशमें अवैध निर्माण मामलों को ठीक करने को एक माह का समय मांगा

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऋषिकेश में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक कुमार मेहरा की खंडपीठ में बुधवार को पूर्व के आदेश पर कमिश्नर गढ़वाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उन्होंने स्वीकार किया कि उनके द्वारा कुछ लोगों की कम्पाउंडिंग गलत तरीके से हो गयी है। उसे वह एक माह के भीतर दुरस्त कर देंगे, इससे कोर्ट संतुष्ट हुई लेकिन कोर्ट ने एमडीडीए से कहा है कि बिना नक्शे पास हुए कम्पाउंडिंग नहीं की जा सकती, उसके लिए अनुमति लेकर उस जगह का सर्वे किया जाना आवश्यक है,कहा कि आफि स में बैठ कर कम्पाउंडिंग नहीं की जा सकती जोकि नियम बिरुद्ध है। ऐसे ही मामलों को ठीक करने के लिए उन्हें एक माह का समय दिया है। मामले के अनुसार ऋषिकेश निवासी पंकज अग्रवाल व अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि देहरादून के ऋषिकेश में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत जाकर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किए जा रहे हैं।

# आज ड्रोन पायलट संस्थान पहुंचेगी डीजीसीए की टीम

देहरादून
हमारे संवाददाता



**स्वरोजगार**

- यहां के सर्टिफिकेट पूरे देश में होंगे मान्य
- यहां से युवा ड्रोन संचालन का कोर्स कर सकेंग

ड्रोन पायलट प्रशिक्षण संस्थान को डीजीसीए से मान्यता मिलने के बाद यहां के प्रमाण पत्र पूरे देश में मान्य होंगे। यह देश में कहीं भी रोजगार, स्वरोजगार में काम आएगा।

राज्य के पहले ड्रोन पायलट प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण करने के लिए डीजीसीए की टीम बृहस्पतिवार को देहरादून पहुंचेगी। टीम इस दौरान आईटी पार्क स्थित आईटीडीए जाएगी। वहीं, सचिव आईटी नितेश झा से मुलाकात करेगी। आईटीडीए की ओर से राज्य का पहला ड्रोन पायलट प्रशिक्षण संस्थान बनाया जा रहा है। यहां से युवा ड्रोन संचालन का कोर्स कर सकेंगे। इसके लिए डीजीसीए से मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र मिलेंगे। ये प्रमाण पत्र पूरे देश में कहीं भी रोजगार, स्वरोजगार में काम आएगा। आईटीडीए की निदेशक एवं अपर सचिव आईटी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि वैसे तो पहले से ही ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है लेकिन वे इसका कोई मान्य सर्टिफिकेट नहीं देते हैं। डीजीसीए से मान्यता मिलने के बाद यहां के सर्टिफिकेट पूरे देश में मान्य होंगे। जो युवाओं के लिए बेहतर अवसर बनेगा।डीजीसीए की टीम यहां पहुंचकर ये देखेगी कि उनके मानकों के हिसाब से प्रशिक्षण संस्थान कितना बेहतर है। टीम इसमें कुछ बदलाव के सुझाव भी दे सकती है। उम्मीद जताई जा रही है कि इसी साल से आईटीडीए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू कर देगा।

**2000 करोड़ रुपये की संपत्ति को हड़पने का आरोप**

# ईडी के फेर में फंसे राहुल-सोनिया और रॉबर्ट वाड्रा

नई दिल्ली
एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। आरोपपत्र में इन पर एसोसिएट्स जर्नल लिमिटेड (एजेएल) के अंतर्गत आने वाली 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति को हड़पने का आरोप है। सोनिया गांधी के दामाद और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से भी ईडी जमीन के लेनदेन से जुड़े मामले में पूछताछ कर रही है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब गांधी परिवार के सदस्यों पर कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ी हो। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी पर कुल मिलाकर 20 से ज्यादा केस दर्ज हैं, जिन पर कार्रवाई अलग-अलग चरण में जारी है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 2024 को लोकसभा चुनाव में दिए गए चुनावी हलफनामे के मुताबिक, उन पर कुल 18 मामले दर्ज हैं। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भी दो अन्य मामलों में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई हैं। यानी उनके ऊपर चल रहे मामलों की संख्या 20 के ऊपर पहुंच गई है। राहुल पर जिन मामलों में केस दर्ज हुए हैं, उनमें पॉक्सो एक्स से लेकर मानहानि तक की धाराओं में मामले हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के शिकोहपुर में 2008 में हुई एक भूमि डील से जुड़े मामले में रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की है। वाड्रा पर आरोप है कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था।

आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी। आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गईं। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की।

# टैक्सी-मैक्सी संचालकों के लिए ग्रीन कार्ड अनिवार्य, शटल सेवा और प्रभावी बनाने की तैयारी

रुद्रप्रयाग
हमारे संवाददाता

चारधाम यात्रा की शुरू 30 अप्रैल से हो रही है, जिसे लेकर शासन - प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं इस बार परिवहन विभाग ने शटल सेवा को और प्रभावी बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर दी है। आगामी 2 मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा में परिवहन विभाग ने शटल सेवा के तहत सभी टैक्सी-मैक्सी चालकों के लिए ग्रीन कार्ड अनिवार्य कर दिए हैं। इसके बिना वाहन का पंजीकरण नहीं होगा। शटल सेवा के लिए जिले में संचालित सभी टैक्सी-मैक्सी यूनियन से वाहनों की जानकारी मांगी गई है और इनका संचालन रोटेशन से किया जाएगा। ताकि ज्यादा से ज्यादा टैक्सी-मैक्सी संचालकों को रोजगार मिल सके। गौरीकुंड राजमार्ग पर सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक शटल सेवा संचालित होती आ रही है। इस बार परिवहन विभाग ने शटल सेवा को और प्रभावी बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर दी है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कुलवंत सिंह चौहान का कहना है कि शटल सेवा के लिए जिले में संचालित सभी टैक्सी-मैक्सी यूनियन से वाहनों की जानकारी मांगी है। साथ ही सभी संबंधित वाहन चालकों के लिए ग्रीन कार्ड अनिवार्य कर दिए हैं। यात्रा के पहले चरण में रोटेशन व्यवस्था एक-एक सप्ताह के लिए होगी। यात्रियों को शटल सेवा से एक तरफा 50 रुपये सवारी किराया देना होगा। रोटेशन के तहत सभी को काम मिल सकेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में वाहनों का संचालन होता रहेगा।



# चोरों ने कोतवाली के पास मंदिर को बनाया निशाना, मूर्तियां हुई चोरी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कोतवाली के बराबर मंदिर की चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली है पुलिस आल्हा अधिकारी चोरी का जल्द खुलासा करने की बात तो कह रहे हैं लेकिन अभी तक पुलिस चोरों को पकड़ना तो दूर सुराग तक लगा नहीं पाई है। नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि दुर्दराज में चोरी की घटनाओं के बाद उन्होंने कोतवाली परिसर में स्थित मंदिर को भी अपना निशाना बना लिया। मंगलवार देर रात चोरों ने कोतवाली परिसर के अंदर स्थित हनुमान मंदिर में ही हाथ साफ कर लिया था चोर मंदिर की मूर्तियाँ व अन्य पूजन सामग्री ले उड़े। सुबह करीब 6 बजे मंदिर पहुंचने वाले भक्तों ने चोरी की जानकारी मंदिर के पुजारी को दी। पुजारी के अनुसार, घटना रात 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी मंदिर में चोरी की घटनाएँ हो चुकी हैं, लेकिन इस बार चोर भगवान की पीतल और तांबे की मूर्तियां मूर्तियाँ भी चुरा ले गए। चोरों ने मंदिर के दान पात्र के ताले को भी तोड़ने का प्रायश किया लेकिन वह सफल नहीं हो सके। मामला कोतवाली परिसर के भीतर का होने के कारण पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद मंदिर में चोरी होना पुलिस की सतर्कता पर सवालिया निशान लगाता है। इस संबंध में सीओ नितिन लोहानी ने कहा कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बारिश-ओलावृष्टि से लौटेगी ठंड, ऑरेंज अलर्ट जारी

**देहरादून।** 18 अप्रैल को देहरादून समेत उत्तरकाशी, टिहरी व नैनीताल में बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

प्रदेश में एक बार फिर मौसम के बदलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में कमी देखने को मिल सकती है। इसके चलते पहाड़ी इलाकों में ठंड का अहसास होने के साथ मैदानों में गर्मी से राहत मिलेगी। केंद्र की ओर जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज (बृहस्पतिवार) उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने के आसार हैं।

# हादसा: ट्रेन की चपेट आने से महिला की मौत

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



ट्रेन की चपेट आने से एक महिला की मौत हो गई स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्र से में लेकर उसकी श्रद्धा करने के प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गुरुवार प्रात करीब 6 बजे लाल कुआं की ओर से काठगोदाम की ओर आ रही रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही इंदिरा नगर से स्लेटर हाउस के समीप पहुंची तभी एक महिला जिसकी उम्र तकरीबन 46 वर्षीय है वह ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एस आई मनोज यादव, ने महिला का शव अपने कब्जे में लिया और उसकी शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई । लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई। मनोज यादव का गाना है क्या तो महिला ट्रेन से गिरकर चपेट में आई है या फिर कुछ और ही वजह हो सकती है इस मामले की के बाद ही पता चलेगा बहरहाल महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

# अतिक्रमण को लेकर पालिका टीम सख्त

नैनीताल
हमारे संवाददाता



नैनीताल शहर में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में बुधवार को नगर पालिका और पुलिस की टीम एक्टिव मोड में नजर आयी। टीम ने माल रोड में स्थित सड़कों और नालियों पर किये गए अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए सामान जब्त कर चालान किया गया साथ ही व्यापारियों को दोबारा ऐसा ना करने की हिदायत सख्त भी दी।

बता दें कि उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल के ट्रैफिक संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस और नगर पालिका को नगर की माल रोड एवं अन्य मार्गो से वाहन हटाने के साथ दुकानों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए थे। पुलिस द्वारा मंगलवार को जनता से नगर की सड़कों से वाहन और अतिक्रमण हटाने की अपील की गई थी, जिसके बाद बुधवार को नगर पालिका ईओ के नेतृत्व में पालिका की टीम और पुलिस की टीम ने नैनीताल की माल रोड में अभियान चलाते हुए सभी वाहनों को हटाने की कवायद शुरू कर दी साथ ही जिन दुकानों में अतिक्रमण किया गया है उन सभी दुकानों का सामान भी जब्त किया गया है। अभियान के तहत पालिका ने 20 दुकानों का 5000 रुपएं का चालान भी किया गया। इस दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी व अधिशासी अधिकारी विनोद सिंह जीना, एसआई दीपक सिंह बिष्ट, अतिक्रमण टीम कमल कटियार समेत मनोज कुमार, योगेश तथा दीपक कुमार आदि पालिका कर्मचारी मौजूद थे।

## NEWS / फटाफट

### सचिन कुमार ने तहसीलदार के पदभार ग्रहण किया



**धारी।** तहसील मे नव नियुक्त सचिन कुमार ने तहसीलदार के पदभार ग्रहण किया । अपनी प्राथमिकता बताते हुये कहा कि क्षेत्र मे जनता की समस्या का समाधान किया जाएगा अवैध खनन पर रोक लगाई जायेगी इसके अलावा जमीन खरीद फरोख्त को लेकर मौके पर निरीक्षण किया जाएगा जिससे धारी तहसील मे अवैध रूप से जमीनो को खरीदने एव बेचने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी ।आम आदमी की समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### सेपक टाकरा बालक वर्ग डबल इवेंट टीम के लिए तीन खिलाड़ियों का चयन

**नैनीताल ।** 7वें खेलों इंडिया यूथ गेम्स बिहार 2025 के लिए उत्तराखंड की सेपक टाकरा बालक वर्ग डबल इवेंट टीम के लिए प्रदेश के तीन खिलाडियों का चयन हो गया है। बता दें कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सातवें संस्करण खेल जो बिहार राज्य द्वारा 4 से 15 मई 2025 में बिहार के अलग-अलग जनपदों में कराए जाने हैं इन खेलों में कुल 28 खेलों को शामिल किया गया है जिसमें से 27 खेलों को पदक सूची में तथा एक खेल को डेमो खेल की सूची में रखा गया है। इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में सेपक टाकरा को पदक सूची में रखा गया है जिसमे उत्तराखंड के द्वारा डबल इवेंट में क्वालीफ ाई किया गया है। इस प्रतियोगिता हेतु बुधवार को 4.30 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में चयन ट्रायल प्रक्रिया को पूर्ण कर प्रदेश की टीम का गठन किया गया। मामले में जिला क्रीड़ा अधिकारी ऊधम सिंह नगर जानकी कार्की द्वारा बताया गया कि 7 वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड प्रदेश की बालक वर्ग के डबल इवेंट टीम का चयन ट्रायल की प्रक्रिया को पूर्ण कर प्रदेश के तीन खिलाडियों हिमांशु गडिया,मोहित उप्रेती तथा प्रियांशु भट्ट का चयन किया गया। चयन ट्रायल प्रक्रिया को नीतीश कुमार, गौरव बिनवाल, किरण मौर्य स्टेडियम प्रशिक्षकों तथा जिला ओलंपिक उधम सिंह नगर के अध्यक्ष डॉ. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा द्वारा सफ ल एवं पूर्ण किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि चयनित टीम के खिलाडियों को शीघ्र प्रशिक्षण शिविर के उपरांत पटना बिहार में आयोजित सेपक टाकरा खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रतिभाग करने हेतु रवाना किया जाएगा।



## कृष्णापुर रॉक का सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

नैनीताल
हमारे संवाददाता


उप जिला अधिकारी नैनीताल नावाजिस खालिक ने बुधवार को नैनीताल स्थित कृष्णापुर रॉक का सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरिक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वर्तमान तक रॉक हटाए जाने आदि कार्य प्रारम्भ न होने के संबंध में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता से जानकारी ली। इस दौरान सहायक अभियंता सिंचाई सुमित मदवाल ने अवगत कराया रॉक को मोनोलीथिक स्ट्ट के द्वारा रोकने की योजना बनाई गई है। शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि उक्त कार्य शीघ्र प्रारम्भ कर 1 महीने के भीतर पूर्ण कर लिया जाए, ताकि मानसूनकाल में किसी भी प्रकार का खतरा व नुकशान न होने पाय। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग की टीम के साथ बलिया नाले का भी निरिक्षण कर किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यो की जानकारी लेते हुए, सम्बंधितों को गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए।

## हाथ में काली पट्टी बांधकर काम किया और मांगें न पूरी न होने पर सरकार का जताया विरोध

नैनीताल
हमारे संवाददाता



प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ की शाखा नैनीताल के चिकित्सकों ने बुधवार को हाथ में काली पट्टी बांधकर काम किया तथा सरकार की ओर से उनकी मांगें न माने जाने पर विरोध जताया।

प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के कोषाध्यक्ष डा. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि सभी चिकित्सक सरकार की ओर से उनकी मांगें न माने जाने के कारण हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध व्यक्त कर रहे हैं। कहा कि संघ की ओर से तीन प्रमुख मांगे शासन की ओर से रखी गई हैं जिसमें पर्वतीय क्षेत्रों में सेवा दे रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों को मेडिकल कॉलेजों में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों की तरह ही 50 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन देने, नैनीताल, टेहरी, अल्मोड़ा तथा मसूरी को फिर से दुर्गम क्षेत्र में शामिल करने तथा एसडीएसीपी में शिथिलीकरण दिया जाना है जिसका शाषनादेश भी है लेकिन जानबूझकर इस प्रकरण को सचिवालय की ओर से लटकाया जा रहा है। कहा कि अभी तक इन सब मांगों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है। चिकित्सकों की ओर से यह मांगें काफ ी लंबे समय से उठाई जा रही हैं लेकिन शासन की उदासीनता के चलते चिकित्सकों में रोष व्याप्त है और वह विरोध स्वरूप हाथ में काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। अगर उनकी मांगे नहीं मानी जाती हैं तो उत्तराखण्ड के सारे विशेषज्ञ चिकित्सक 20 अप्रैल (रविवार) से हड़ताल पर जाएंगे।

## बिना लाइसेंस के अवैध खनन मामले में जांच कर रिपोर्ट पेश करें: कोर्ट

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने बिना लाइसेंस के अवैध खनन करने वालों के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को धमकी दिए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खण्डपीठ ने एसएसपी नैनीताल को निर्देश दिया हैं कि वे इस मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट कोर्ट में 25 अप्रैल (शुक्रवार) तक पेश करें।

मामले के अनुसार राकेश सिंह हरनवाल स्थायी निवासी बोहरा कोट बर्तमान निवासी मुखानी हल्द्वानी ने उच्च न्यायलय में अवैध खनन को लेकर एक जनहित याचिका दायर की है। जनहित याचिका दायर करने से पहले ही उन्हें अवैध खनन करने वालो की तरफ से धमकी देने सम्नधित फोन किये जा रहे है जबकि अवैध खनन का मामला कोर्ट के सामने सुनवाई हेतु नही आया। बीते 15 अप्रैल को जब उनके आधिवक्ता के द्वारा इस मामले को कोर्ट के सामने रखा तो बुधवार को राज्य सरकार ने स्थिति से कोर्ट को अवगत कराया कि उन्हेंने उसे सुरक्षा दिलाये जाने के लिए उनके घर की खोजबीन की लेकिन वह स्थायी पते पर नहीं मिला। फोन करके पता चला कि वह वर्तमान में हल्द्वानी के मुखानी जगह पर रह रहा है।

याचिकर्ता का कहना है कि रात को 9 बजकर 30 मिनट पर उनके घर बिना पुलिस के वर्दी पहने एक व्यक्ति आया था। थाने में आने को कह रहा है। याचिकार्ता ने आरोप लगाया है कि बिना वर्दी का व्यक्ति कौन था इसकी जांच कराई जाय? अगर पुलिस होती तो वर्दी में होती। अकेला व्यक्ति नहीं होता। लोगो के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जाँच कराई जाय, क्या वह व्यक्ति पुलिस का कर्मचारी था या धमकी देने वाला? इसकी जांच कराई जाए।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## नियमितीकरण को 285वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 285वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में स्लोगन देव भूमि में पर्यटक बनकर आईए-पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत मुंबई व मेरठ से आए पर्यटकों क्रमशः टी एस चंद्रा, करण सिंह, सूरज कुमार और मनीषा व्यास ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पर्यटक आवास गृह परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया । पर्यटकों ने कहा कि प्रकृति संरक्षण के इस महान कार्य में उनको भी पौधा लगाकर जुड़ने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को मनाने का यह बहुत सुंदर तरीका है इससे प्रकृति का संरक्षण हो रहा है और पर्यटक भी पौधारोपण आंदोलन से जुड़कर एक अच्छा संदेश अपने प्रदेश को ले जा रहे हैं। गुरुरानी ने कहा कि पर्यटकों को पौधारोपण आंदोलन से जोड़ने से राज्य का नाम पर्यटकों के माध्यम से देश के कोने.कोने तक जा रहा है। इसका प्रचार भी हो रहा है कि पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में जाइए और वहां पर पौधारोपण से जुड़ते हुए पौधा लगाइए।

पर्यटकों द्वारा इसे काफी प्रचारित किया जा रहा है। सभी पर्यटक यहां पर किए गए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों से काफी प्रभावित हैं इससे कर्मचारियों में भी दोगुनी उत्साह के साथ कार्य करने का जज्बा पैदा हो रहा है।

## 27 अप्रैल को लगेगा विशाल स्वास्थ्य शिविर

नैनीताल
हमारे संवाददाता



नगर की सामाजिक,सांस्कृतिक व धार्मिक संस्था लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक बुधवार को क्लब की अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि 27 अप्रैल (रविवार) को क्लब द्वारा साई हॉस्पिटल हल्द्वानी के सहयोग से नैनीताल में डीएसए मैदान में विशाल स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा।

बैठक में शिविर की कामयाबी के लिए डॉ. पल्लवी राय को संयोजक एवं सीमा सेठ को सह-संयोजक बनाया गया। बताया गया कि शिविर में फि जिशियन, नेत्र विशेषज्ञ, गायनो तथा ऑर्थो एवं हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम रोगियों का इलाज करेगी। शिविर में ब्लड प्रेशर तथा शुगर आदि की जांच की जाएगी। क्लब की सचिव सरिता त्रिपाठी ने बताया कि शिविर की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं जो भी इस शिविर में अपने को दिखाना चाहता है वह 9410749602 में संपर्क कर सकता है।

बैठक तथा शिविर की तैयारी में हेमा भट्ट, रानी शाह, रमा भट्ट, तनु सिंह ,दीपा पांडे, ज्योति ढौडियाल, विनीता पांडे, नीरू शाह, कविता गंगोला, कविता त्रिपाठी, डा. प्रगति जैन, मधुमिता, गीता शाह, अमिता शाह, तुसी शाह, अमीता शेरवानी, ज्योति वर्मा, जय वर्मा, कंचन जोशी, लीला राज, रमा तिवारी, आशा पांडे, तारा चौधरी, दया कुंवर, तनप्रीत, सरस्वती सिराला, सविता कुलोरा, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, पुष्पा कांडपाल, रेखा पंत, नीलम गुप्ता, सोनू साह, जीवंती भट्ट, रेखा जोशी तथा संगीता श्रीवास्तव आदि सदस्य उपस्थित थी। अंत में क्लब की सचिव संगीता त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया।

# अभिमत



## धरातल पर काम

***हर साल की तरह इस बार भी जगह-जगह से वनाग्नि की सूचना मिल रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जंगल की आग को रोकने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि वनाग्नि रोकने के उपाय केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर दिखाई दें। अफसर कागजी कार्ययोजना से बाहर निकलकर जंगल में कार्य करें। मीडिया में लिखा जाता है कि जंगल में आग लग गई, जबकि सच यह है कि आग स्वतः नहीं लगती, बल्कि लगाई जाती है।***

गर्मी का मौसम शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगल धधकने लगते हैं। हर साल की तरह इस बार भी जगह-जगह से वनाग्नि की सूचना मिल रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जंगल की आग को रोकने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि वनाग्नि रोकने के उपाय केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर दिखाई दें। अफसर कागजी कार्ययोजना से बाहर निकलकर जंगल में कार्य करें। मीडिया में लिखा जाता है कि जंगल में आग लग गई, जबकि सच यह है कि आग स्वतः नहीं लगती, बल्कि लगाई जाती है। पर्वतीय क्षेत्र में जंगल के आसपास रहने वाले लोगों को पशुओं के लिए चारा चाहिए। पतझड़ होने पर जंगल में सूखे पत्तों को ग्रामीण जला देते हैं, जिससे मामूली बारिश होने पर भी घास उग आती है और पशुओं के लिए चारा उपलब्ध होता है। आग लगाने की दूसरी वजह यह है कि जंगल में लकड़ी माफिया वन विभाग की मिलीभगत से पेड़ काटते हैं और सबूत मिटाने के लिए जंगल में आग लगा देते हैं। वन विभाग चोरी से काटे गये पेड़ों को आग की भेंट चढ़ना दर्शा देता है। पेड़ कटने से पहाड़ आवरण विहीन होते जा रहे हैं। चोरी से पेड़ काटने के साथ ही सड़क बनाने और अन्य कार्यों के लिए पेड़ काटे जा रहे हैं। पेड़ कटने और आग से पर्वतीय क्षेत्र में जलवायु बदल गई है। तीन-चार दशक पहले मई और जून में पर्वतीय क्षेत्र में लोग स्वेटर पहनते थे, कम्बल व रजाई ओढ़ी जाती थी। अब पर्वतीय क्षेत्र में बिजली के पंखे और कूलर की जरूरत महसूस की जा रही है। पेड़ कटने से पर्वत चोटियां बरसात होने पर भरभराकर ढहने लगती हैं। मानसून के दौरान भूस्खलन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले साल बरसात के मौसम में एक हजार से ज्यादा सड़कों पर भूस्खलन से यातायात बाधित हुआ था। शीतकाल में हिमपात और वर्षा कम होने से गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। पर्वतीय क्षेत्र में हिमपात व बारिश कम होने का असर फलों की उपज पर पड़ा है। जंगल में आग और गर्मी से बागवानी प्रभावित हो रही है। मौसम विज्ञानियों ने हिमालयी राज्यों में विपरीत परिस्थितियों की चेतावनी दी है। पर्वतीय क्षेत्र के लोगों की चुनौतियां बढ़ गई हैं। जलवायु परिवर्तन का विश्व स्तर पर प्रभाव पड़ रहा है। भारत की कई नदियों का जल स्तर गिर गया है। दर्जनों छोटी नदियों के सूखने की आशंका प्रकट की जा रही है। भाबर और तराई में विकास कार्यों के नाम पर पहले से ही पेड़ काटकर हरियाली खत्म जैसी हो गई है। कृषि क्षेत्र सिमट गया है। खेती की जमीन पर उद्योग और आवासीय कालोनियां बन गई हैं। कृषि क्षेत्र कम होने से भविष्य में खाद्यान्न का संकट उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि इस साल गर्मी रिकार्ड तोड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जलवायु परिवर्तन से विभिन्न रोगों के फैलने की चेतावनी दी है। उत्तराखंड में पर्वतीय क्षेत्र से लेकर तराई तक जल संकट गहराता जा रहा है। संकट की आहट के बाद भी लोग प्रकृति से खिलवाड़ बंद नहीं कर रहे हैं।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल। उत्तराखण्ड राज्य विधिक प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन मे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी के दिशा निर्देशन मे यशवंत कुमार द्वारा अटल उत्कृष्ट आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तल्लीताल नैनीताल में साइबर अपराध और नशीली दवाओं, नशा उन्मूलन विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जागरूकता शिविर में यशवंत कुमार द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बनाई गई शॉर्ट फिल्म वीडियो के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पीड़ितों को न्याय दिलाना तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलापो कार्यक्रमों के विषयों पर विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई तथा बताया गया की नशा तब होता है जब आप शराब या अन्य पदार्थों का सेवन करते हैं जो आपके मस्तिष्क के काम करने के तरीके को प्रभावित करते हैं। यह आपकी मानसिक क्षमताओं, मनोदशा और समन्वय जैसे तत्वों को प्रभावित करता है।नशा अस्थायी होता है और जरूरी नहीं कि यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाए यह जहर या ओवरडोज से अलग है, जो जीवन के लिए खतरा है। व साइबर अपराध के बारे मे बताया की साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के किसी अन्य सेट का उपयोग करके की जाने वाली असंख्य आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराध को साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फ़िशिंग, पहचान की चोरी , रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। यदि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध जैसी घटना हो जाए तो वह 1930 पर कॉल कर कर साइबर अपराध की जानकारी दे सकते हैं जिससे कि शिकायत दर्ज हो जाती है। जागरूकता शिविर में इस दौरान प्रधानाचार्य जयश्री व अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

## 22 वाहन चालकों ने सत्यापन करवाया

**नैनीताल** । नैनीताल नगर में टैक्सी बाइक व टैक्सी व मैक्सी वाहनों का सत्यापन कार्य जोरों पर है। बुधवार को परिवहन विभाग की टीम ने रुसी बाइपास क्षेत्र में शिविर लगाया जहां दिनभर में 22 वाहन चालकों ने सत्यापन करवाया।

परिवहन विभाग आरआई विनोद गुंज्याल ने बताया कि पहले चरण में 19 अप्रैल तक 2017 से पूर्व पंजीकृत वाहनों का सत्यापन कार्य कराया जाना है। जिसमें अब तक 37 वाहनों का सत्यापन सम्पन्न कराया जा चुका है। 21 से 29 अप्रैल तक दूसरे चरण में 2017 के बाद पंजीकृत वाहनों का सत्यापन किया जाएगा।

सभी टैक्सी वाहन स्वामी व चालकों को शहर में टैक्सी संचालन को जारी की गई एसओपी के नियमों से भी अवगत कराया जा रहा है। टीम में गोकुल देउपा समेत राजेंद्र बिष्ट, सहायक परिवहन निरीक्षक चंदन सिंह ढैला समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# कुमाऊं विवि ने राष्ट्रीय फलक पर अपनी शोध क्षमता का लोहा मनवाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने एक बार फिर राष्ट्रीय फलक पर अपनी शोध क्षमता का लोहा मनवाया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) भारत सरकार द्वारा प्रायोजित पार्टनरशिप फार एकेडेमिक एंड रिसर्च एडवांसमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल को एक बहु-संस्थागत शोध परियोजना में शामिल किया गया है। यह परियोजना इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) बेंगलुरु की अगुवाई में संचालित की जाएगी।

बता दें कि 100 करोड़ रुपये की इस मेगा शोध परियोजना में देश भर से 17 संस्थानों ने आईआईएससी के साथ मिलकर प्रस्ताव भेजे थे। आईआईएसी ने इनमें से केवल 7 संस्थानों को चयनित कर एक शोध समूह का गठन कियाए जिसमें कुमाऊँ विश्वविद्यालय को भी शामिल किया गया। इसके पश्चात इस समूह ने इंपावर्ड कमेटी के समक्ष परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया। देश भर से इस प्रकार के कई समूहों ने प्रस्तुतियाँ दीं जिनमें से केवल 6 समूहों का चयन अंतिम रूप से किया गया। आईआईएसी और इसके साथ जुड़े 7 संस्थानों का समूह भी उनमें से एक है जो अपने आप में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल का इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान पाना उत्तराखंड राज्य के लिए भी गर्व की बात है। इस परियोजना में आईआईएससी बेंगलुरु हब की भूमिका निभाएगा जबकि कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल समेत अन्य 6 संस्थान स्पोक की भूमिका में होंगे। इससे कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के गुरुजनों और छात्रों को देश के अग्रणी वैज्ञानिकों के साथ कार्य करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और अत्याधुनिक शोध में भागीदारी का अवसर मिलेगा।

परियोजना के तहत अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्र जिसमें शोध कार्य किया जाएगा उसमें क्रमशः प्लास्टिक कचरे के नवाचारपूर्ण पुनर्चक्रण द्वारा उच्च दक्षता वाले कार्बन नैनोमैटेरियल्स और टूडी नैनोमैटेरियल्स के साथ हाइब्रिड सुपरकैपेसिटर का विकास,जैव चिकित्सकीय अनुप्रयोगों हेतु मैग्नेटिक एवं इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंटरफेस शील्डिंग मटेरियल्स, कैंसर उपचार के लिए प्रभावशाली औषधि वितरण हेतु नैनोफॉर्मुलेशन का निर्माण होगा। परियोजना में शामिल देश के अन्य संस्थानों में क्रमशःबेंगलुरु विश्वविद्यालय, आईआईईएसटी शिबपुर, एनआईटी नागालैंड, पांडिचेरी विश्वविद्यालय, शिवाजी विश्वविद्यालय और कालीकट विश्वविद्यालय हैं। कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की शोध पहचान को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## फिल्मी दुनिया

# एक्टर-राजनेता विजय के खिलाफ फतवा जारी



*तमिल सुपरस्टार विजय एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल, रमजाम महीने में उनकी ओर से आयोजित की गई इफ्तार पार्टी को लेकर उनके खिलाफ फतवा जारी कर दिया गया है। तमिल सुपरस्टार और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख थलापति विजय एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। उत्तर प्रदेश के बरेली में एक सुन्नी मुस्लिम संगठन ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष और चश्मे दारुल इफ्ता के मुख्य मुफ्ती मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने विजय पर मुस्लिम विरोधी होने का आरोप लगाया है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने फतवे में कहा कि विजय ने अपनी फिल्मों और हाल के इफ्तार आयोजन के जरिए मुस्लिम समुदाय का अपमान किया है। उन्होंने विजय की 2022 की फिल्म बीस्ट का जिक्र किया, जिसमें कथित तौर पर मुस्लिम समुदाय को आतंकवाद और उग्रवाद से जोड़ा गया था। मौलाना ने कहा, विजय ने अपनी फिल्मों में मुस्लिमों को राक्षस और शैतान की तरह दिखाया। अब राजनीति में उतरने के लिए वह मुस्लिम समुदाय के प्रति प्रेम दिखा रहे हैं, जो सिर्फ वोट हासिल करने की रणनीति है। इसके अलावा मौलाना ने 8 मार्च को चेन्नई के वाईएमसीए ग्राउंड में विजय की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आयोजन में %शराबी और जुआरी शामिल थे, जो न तो रोजा रख रहे थे और न ही इस्लामी नियमों का पालन कर रहे थे। मौलाना ने इसे रमजान की पवित्रता का उल्लंघन करार दिया और तमिलनाडु के मुस्लिम समुदाय से विजय से दूरी बनाने की अपील की।*

### 8 मार्च को किया गया था आयोजन

*8 मार्च को विजय ने अपने राजनीतिक दल टीवीके के बैनर तले चेन्नई में एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था। इस दौरान वह सफेद पारंपरिक पोशाक और टोपी में नजर आए थे। इस आयोजन में करीब 3,000 लोग शामिल हुए और 15 स्थानीय मस्जिदों के इमामों को भी आमंत्रित किया गया था। विजय के प्रशंसकों ने इस कदम को समावेशी और भाईचारे का प्रतीक करार दिया था।*

# ई- पोस मशीन से राशन वितरण करने की तैयारी तेज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ और पारदर्शी बनाए जाने के उद्देश्य से नैनीताल जिले में राशन कार्ड धारकों को ई- पोस मशीन से राशन वितरण करने की तैयारी तेज हो गई है ।

इसी क्रम में जिले के भीमताल ब्लाक के तहत राजकीय खाद्यान्न भंडार मेहरागांव में कुल 199 ई- पोस मशीन पहुंच गई हैं जिसमें मेहरागांव गोदाम से सम्बद्ध उचित दर विक्रेताओं हेतु 68 जबकि सरना गोदाम हेतु 50, मझेडा गोदाम हेतु 32 और ओखलकांडा गोदाम से सम्बद्ध उचित दर विक्रेताओं हेतु 49 ई-पोस मशीन प्राप्त हो गई हैं। इन मशीनों के पहुंचने के बाद इनमें सिम स्टॉल कर कैलिब्रेशन का कार्य अंतिम स्तर पर गतिमान है, इसके पश्चात इन मशीनों में मेपिंग करते हुए उचित दर विक्रेताओं को मशीन वितरित किए जाएंगे और इसके पश्चात सभी विक्रेताओं को ट्रेनिंग देकर इन मशीनों से राशनकार्ड धारकों को आवश्यक वस्तुओं का नियमानुसार वितरण करवाया जाएगा।

मामले में नैनीताल जिले के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि यह मशीन एंड्रॉयड सिस्टम पर कार्य करती है, इस मशीन में यह व्यवस्था भी है यदि किसी कारणवश किसी राशन कार्ड धारक का बायोमेट्रिक नहीं हो पा रहा हो तो संबंधित राशन कार्ड धारक की आंख स्कैन करने के बाद भी संबंधित को राशन वितरण किया जा सकता है। इस मशीन में सिम पूर्व से इंस्टॉल है उचित दर विक्रेता को किसी भी डेटा हेतु कोई चार्ज नहीं देना होगा। इसके अलावा उचित दर विक्रेताओं को राशन कार्ड धारकों को राशन वितरण हेतु इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी उपलब्ध करवाया जा रहा है जो ई- पोस मशीन द्वारा ब्लू टूथ से कनेक्ट रहेगा। इस मौके पर डीपीएम भानु प्रताप और इंजीनियर रिजवान खान भी मौजूद थे।

# हिमाचल प्रदेश सचिवालय को भी बम से उड़ाने की धमकी

**हिमांचल**

**हमारे संवाददाता**



उपायुक्त कार्यालय मंडी के बाद हिमाचल सचिवालय में मुख्य सचिव कार्यालय को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस ने इसके बाद सचिवालय में सतर्कता बढ़ा दी है। जांच के बाद ही सभी लोगों को सचिवालय के भीतर प्रवेश दिया जा रहा है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बताया, दो ईमेल प्राप्त हुई हैं। एक ईमेल मुख्य सचिव कार्यालय और दूसरी ईमेल डीसी मंडी को मिली है। दोनों की भाषा एक समान है। ईमेल में तमिलानाडू की किसी घटना का जिक्र करते हुए उड़ाने की बात कही गई है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा कि यह मेल तमिलनाडु के नेता प्रतिपक्ष एडप्पाडी करुप्पा पलानीस्वामी को मारने की धमकी के संदर्भ के साथ आई है। एडप्पाडी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के महासचिव हैं। धमकी देने वाला इसे कैसे हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव कार्यालय से जोड़ रहा है, यह समझ में नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेल उनकी ऑफिशियल आईडी पर आई है। इस आईडी में सचिवालय को नहीं, मुख्य सचिव कार्यालय को उड़ाने की धमकी है। प्रदेश में केवल ऐसी दो ही मेल आई हैं। एक उपायुक्त कार्यालय में पहुंची है। वहीं, सीएस ने कहा कि पूरे कार्यालय और सचिवालय का सेनिटेशन करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह धमकी दोपहर बाद डेढ़ बजे कार्यालय को उड़ाने की दी गई है। यह धमकी मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के हवाले से आई है। ऐसी ही धमकियां उत्तर प्रदेश में भी करीब 18 जगहों को उड़ाने की दी गई है।

## इंदौर में बैंक को मिली बम से उड़ाने की धमकी

बैंक को जो ई मेल आया। उसमे लिखा था कि दो बजे बैंक में धमाका होगा। रिमोट से विस्फोट होगा और बैंक उड़ जाएगा। इस धमकी की जानकारी बैंक की तरफ से पुलिस कंट्रोल रुम को दी गई। सेंट्रल कोतवाली थाने के पुलिस जवान मौके पर पहुंचे। बम निरोधक दस्ते ने भी जांच की। इंदौर के सियागंज क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक की शाखा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बैंक को ईमेल के जरिए यह धमकी दी गई और कहा कि रिमोट से ब्लास्ट कर बैंक को उड़ाया जाएगा। इस धमकी की जानकारी बैंक प्रबंधन ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर बम निरोधक दस्ते ने जांच की, हालांकि कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है, लेकिन मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। बैंक को जो ई मेल आया। उसमे लिखा था कि दो बजे बैंक में धमाका होगा। रिमोट से विस्फोट होगा और बैंक उड़ जाएगा। इस धमकी की जानकारी बैंक की तरफ से पुलिस कंट्रोल रुम को दी गई। इसके बाद सेंट्रल कोतवाली थाने के पुलिस जवान मौके पर पहुंचे। बम निरोधक दस्ते ने भी एक घंटे तक बैंक के अलग-अलग हिस्सों की जांच की। इस दौरान बैंक का काम काज भी प्रभावित रहा।

## News कॉर्नर

### क्रिकेट : तीन नॉकआउट मुकाबले खेले गए

**नैनीताल ।** नैनीताल के डीएसए मैदान में आयोजित स्वर्गीय एन. के. आर्या मेमोरियल क्रिकेट कप में बुधवार को प्रतियोगिता के तीन नॉकआउट मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला रोहिणी और नोवा इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें रोहिणी ने 7 विकेट से जीत दर्ज की । दूसरा मुकाबला एमआई इलेवन एवं नैनीताल जॉइंट्स के मध्य खेला गया। नैनीताल जॉइंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 170 रनों का लक्ष्य रखा जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए एम आई इलेवन की टीम 34 रनों पर सिमट गई। नैनीताल जॉइंट्स ने 136 रनों से मैच में जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला देवभूमि एवं जीसीसी गैरीखेत के मध्य खेला गया । पहले बल्लेबाजी करते हुए देवभूमि ने 139 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में जीसीसी गैरीखेत की टीम 118 रन ही बना सकी। देवभूमि ने 11 रनों से मैच में जीत दर्ज की। अंपायर हर्षित, मुकुल, अनिल, मनोज जगाती व प्रमोद कुमार जबकि स्कोरर इबाद, मुहम्मद अब्बास, दीपक बिष्ट व मनोज ढैला रहे। इस दौरान संयोजक मोहित आर्या, सैय्यद रियान, हरीश सिंह राणा, प्रदीप उप्रेती, बिलाल अहमद तथा दीपक गंगोला आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में महिला की मौत मामले में मुकदमा

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में महिला की मौत के मामले में आरोपी कार चालक के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में लाइन नंबर 18 बनभूलपुरा निवासी यूसूफ अंसारी ने कहा है कि वह 22 मार्च की प्रात: बाइक पर सवार होकर अपनी पत्नी शमा परवीन के साथ बिलासपुर जा रहा था कि तभी बेलबाबा के पास कार संख्या एचआर-56बी-0698 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वह दोनों घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए डॉ सुशीला तिवारी ले जाया गया।

# एसडीएम और नगर आयुक्त के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर आयुक्त ने महिला सुरक्षा को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। एसडीएम और नगर आयुक्त के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। फतेहपुर-काठघरिया मार्ग के संवेदनशील क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से किया गया। इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व एसडीएम राहुल शाह, नगर आयुक्त ऋचा सिंह और तहसीलदार लालकुआं कुलदीप पांडे ने किया। चेकिंग के दौरान एक दुकानदार के पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। बरामद सामग्री में शामिल हैं। देशी अवैध शराब के 21 पाउच21 पैकेट कंट्री मेड शराब15 बोतल अंग्रेजी शराबघटना स्थल पर मौके पर बुलाए गए आबकारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट द्वारा पूरी अवैध सामग्री को ज़ब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के



तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि ऐसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके। ऋचा सिंह ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा इसके

**कार्रवाई**

- दुकानदार के पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

वहां भी शराब का जखीरा मिलेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर पुलिस सख्त, 33 वाहनों के चालान कर 6 वाहन किए जब्त

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मंडल मुख्यालय नैनीताल की सडक़ों को अतिक्रमण मुक्त करने के हाईकोर्ट के सख्त निर्देशों के बाद नैनीताल कोतवाली पुलिस बुधवार को एकाएक एक्टिव मोड में नजर आई। सुबह से ही कोतवाली पुलिस ने मल्लीताल स्थित सूखाताल से लेकर माल रोड तक विशेष अभियान चलाकर सडक़ किनारे पार्क वाहन स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई की। इस बीच पुलिस ने 33 वाहनों के चालान कर 6 वाहन जब्त किये। दिनभर कोतवाली पुलिस की ओर से पसीना बहाने का परिणाम यह रहा कि नैनीताल में राहगीरों के चलने के लिए सडक़ें अतिक्रमण मुक्त नजर आई।

बता दें कि बुधवार को कोतवाली में तैनात एसएसआई दीपक बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस ने सूखाताल समेत चीना बाबा चौराहा,पुराना मोहन को चौराहा, गाड़ी पड़ाव व मालरोड में सडक़ किनारे पार्क वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया। पुलिस ने तडक़े मुनादी कर वाहन चालकों से सडक़ों के किनारे पार्क वाहनों को हटा लेने की अपील की मगर घंटों बाद भी कई वाहन सडक़ पर ही पार्क नजर आए। जिसके बाद पुलिस ने चालानी कार्रवाई शुरू की।

दीपक बिष्ट ने बताया कि दिनभर में एमवी एक्ट के तहत 26 वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट व सात लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई। चार चार पहिया व दो बाइक जब्त की गई। बताया कि पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा। दूसरी ओर तल्लीताल में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल के विशेष दिशा निर्देशन में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा तथा उनकी पूरी पुलिस टीम ने सघन चैकिंग अभियान चलाया जिसमें कई वाहनों का चालन किया गया तथा कई वाहन सीज किए गए।

# गांजा के नाम पर गिरफ्तार युवकों को 30-30 हजार के निजी बॉन्ड पर रिहा किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

रामनगर पुलिस ने जिन दो लोगों को विगत दिवस तीन किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया था वह सामग्री गांजे की श्रेणी में नहीं थी। इस आधार पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट श्री विक्रम की अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने का पुलिस का प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया और उन्हें 30-30हजार के निजी बॉन्ड पर रिहा कर दिया।

प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने टेड़ा रोड लखनपुर रामनगर निवासी प्रकाश आर्य व जतिन रावत को करीब तीन किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया था लेकिन जो गांजा अभियुक्तगण से बरामद होना दिखाया गया है वह गोल घुमावदार पत्ती व बीज के रूप में था। एनडीपीएस एक्ट की धारा 2 में गांजे की दी गयी परिभाषा के अनुसार गांजा केनाबीस प्लान्ट के बीज एवं पत्तियों जब वे टॉप्स के साथ ना होए को छोडक़र उक्त प्लान्ट का फ्लावरिंग/फ्रुटिंग टॉप्स होता है। एनडीपीएस एक्ट में गांजे की दी गयी परिभाषा से स्पष्ट है कि यदि



केनाबीस प्लान्ट के बीज अथवा पत्तियों उक्त प्लान्ट के टॉप्स के साथ ना हो तो तब उक्त बीज अथवा पत्तियां गांजे की परिभाषा में नहीं आयेगी। किन्तु इस मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट में केवल गांजे के बीज एवं गोल घुमावदार पत्तियां अभियुक्तगण से बरामद होने का उल्लेख किया गया है।

प्रथम सूचना रिपोर्ट में अथवा अन्य किसी पुलिस प्रपत्र में यह अंकित नहीं है कि उक्त बीज अथवा पत्तियां केनाबीस प्लाट के टॉप्स के साथ थी अथवा केनाबीस प्लान्ट का फ्लावरिंग/फ्रू टेज टॉप्स भी उक्त बीज अथवा पत्तियों के साथ था चूंकि बीज अथवा पत्तियां गांजे की परिभाषा में नहीं आती हैं जिस कारण अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा भेजे जाने हेतु विवेचक के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है।

## संस्कृत शिक्षा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम आज होगा जारी

**देहरादून।** शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत माध्यमिक शिक्षा निदेशालय सभागार में उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित करेंगे। उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) और उत्तरमध्यमा द्वितीय (इंटरमीडिएट) वर्ष 2025 का परीक्षा परिणाम आज घोषित होगा। संस्कृत शिक्षा के निदेशक डॉ. आनंद भारद्वाज के मुताबिक शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत माध्यमिक शिक्षा निदेशालय सभागार में परीक्षा परिणाम घोषित करेंगे।

# जीजीआईसी धौलाखेड़ा का औचक निरीक्षण

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) कुमायूँ मण्डल नैनीताल गजेन्द्र सिंह सौन ने बुधवार को जीजीआईसी धौलाखेड़ा (हल्द्वानी) का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय के मुख्य भवन जो जीर्णशीर्ण अवस्था में है उसका मुआयना भी किया। ए0डी0 सौन ने विद्यालय के प्रत्येक कक्षा-कक्षों में जाकर प्रधानाचार्या सीमा कठेरिया से वस्तुस्थिति की जानकारी हासिल की। बता दें वर्तमान में विद्यालय का मुख्य भवन जो क्षतिग्रस्त अवस्था में है उसमें पठन.पाठन का कार्य नहीं चलाया जा रहा है। उक्त भवन के नव निर्माण हेतु आंगणन शासन को प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त विद्यालय में वर्तमान में लगभग 800 छात्रायें अध्ययनरत हैं। वर्तमान में छात्राओं के हित को देखते हुये विद्यालय में दो वोकेशनल कोर्स भी संचालित किये जा रहे हैं। अपर निदेशक सौन ने विद्यालय में पठन-पाठन की समीक्षा करते हुये प्रधानाचार्य सीमा कठेरिया के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने प्रधानाचार्य एवं शिक्षिकाओं से छात्राओं के शैक्षिक अधिगम स्तर को और बेहतर बनाये जाने हेतु कड़े मेहनत किये जाने के निर्देश दिये। उक्त विद्यालय में गत वर्ष बोर्ड परीक्षा की श्रेष्ठता सूची में छात्राओं के नाम शामिल थे। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जगमोहन रौतेला आदि मौजूद थे।

# संस्कृत विभाग में व्याख्यानमाला का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के संस्कृत विभाग में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रो.दिनेश चन्द्र शास्त्री (कुलपति उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय) हरिद्वार ने कहा कि वैदिक साहित्य भारतीय ज्ञान परंपरा का सबसे प्राचीन और मूल स्त्रोत है जो भारतीय सभ्यता, संस्कृति और दार्शनिक सोच की जड़ों को समझने में मदद करता है।

प्रो.शास्त्री ने कहा कि इसमें मुख्यत- चार वेद आते हैं। वेदों में वर्ण व्यवस्था, जीवन के चार पुरुषार्थ (धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष) और आश्रम व्यवस्था (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ,



वानप्रस्थ तथा संन्यास) का विवरण मिलता है जो समाज के संतुलन हेतु बनाए गए थे। भारतीय ज्ञान परंपरा में योगदान गणित, खगोलशास्त्र, चिकित्सा, स्थापत्य तथा कृषि आदि क्षेत्रों में वैदिक ज्ञान ने आधार प्रदान किया गया है। कहा कि भाषा, संगीत और काव्य की मूल प्रेरणा भी वेदों से ही मानी जाती है और वहाँ लिखित रूप में विद्यमान भी है, जैसा कि कहा गया है पश्य देवस्य काव्यं न ममार न जीर्यति, सामवेद संगीत विद्या का प्राचीन इतिहास है। इस मौके पर व्याख्याता डॉ0राज मंगल यादव ने वैदिक कालीन समाज एवं परिवार व वैदिक युगीन गुरुकुल परम्परा एवं वैदिक यज्ञों के महत्व पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ0ओमकार ने अपने व्याख्यान में कहा कि समग्र वैदिक वाड्मय में विज्ञान के स्त्रोत विद्यमान हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 सुषमा जोशी ने किया। इस मौके पर संस्कृत विभाग की अध्यक्ष प्रो. जया तिवारी समेत प्रो. शालिम तबस्सुम, प्रो. शहराज अली, डॉ. लज्जा भट्ट तथा शोधच्छात्रा भावना काण्डपाल और किरन आर्या, सौरभ, शोभा आर्या, यशपाल आर्या, भारती सुयाल, अमर जोशी तथा जगदीश का पूर्ण सहयोग रहा।